भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4169**

उत्तर देने की तारीख 29 मार्च, 2022
8 चैत्र, 1944 (शक)

# राष्ट्रीय खेल विकास कोष

**4169. श्री प्रताप सिम्हा:**
**श्री बी. वाई. राघवेन्द्र:**
**डॉ. उमेश जी. जाधव:**
**श्री एस. मुनिस्वामी:**
**श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:**
**श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:**
**श्री तेजस्वी सूर्याः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय खेल विकास कोष (एनएसडीएफ) का उद्देश्य क्या है और निधि आवंटित करने के क्या मानदंड हैं;

(ख) वर्तमान में और वर्ष 2018 से 2022 के दौरान एनएसडीएफ के पास उपलब्ध निधि की राशि कितनी है;

(ग) खेल संघों या अन्य निकायों के लिए निधि के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया और इसके लिए अनुमोदन या अस्वीकृति देने की समय-सीमा क्या है;

(घ) एनएसडीएफ द्वारा वित्तपोषित परियोजनाएं कौन-कौन सी हैं और पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक परियोजना के लिए राज्यवार कितनी राशि प्रदान की गई है;

(ङ) एनएसडीएफ के विचाराधीन राज्य-वार परियोजनाएं कौन-कौन सी हैं; और

(च) पिछले पांच वर्षों के दौरान एनएसडीएफ के तहत राज्यवार कितनी परियोजनाएं अस्वीकृत की गई हैं?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

(क) राष्ट्रीय खेल विकास निधि की निधियों का उपयोग निम्नलिखित उद्देश्यों के तहत किए जाने वाले कार्यकलापों पर किया जाता है :

I. राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सामान्यत: खेलों के संवर्धन के लिए और विशेष रूप से खेल विधा विशेष और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए इस निधि के धन का प्रशासन और लागू करना;
II. खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल विशेषज्ञों को संबंधित खेल विधाओं में विशेष प्रशिक्षण और कोचिंग प्रदान करना;
III. खेलों और खेल-कूद को बढ़ावा देने के लिए अवसंरचना का निर्माण और रखरखाव करना;
IV. खेलों और खेल-कूद को बढ़ावा देने के लिए संगठनों और व्यक्तियों को खेल उपकरण की आपूर्ति करना;
V. खेल में उत्कृष्टता के लिए सहायता प्रदान करने के लिए समस्याओं की पहचान करना और अनुसंधान और विकास अध्ययन करना; तथा
VI. अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए, विशेष रूप से, ऐसे आदान-प्रदान जो खेलों के विकास को बढ़ावा दे सकते हैं
VII. उपरोक्त किसी भी उद्देश्य से संबंधित परियोजनाओं और कार्यकलापों के लिए कम ब्याज या ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करना ।

(ख) : एनएसडीएफ के पास वर्तमान में और 2018 से 2022 तक के वर्षों के दौरान उपलब्ध निधियों का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | आज की तारीख तक | राशि (करोड़ रु.) |
|---|---|---|
| 1 | 31.03.2018 | 123.80 |
| 2 | 31.03.2019 | 26.75 |
| 3 | 31.03.2020 | 123.19 |
| 4 | 31.03.2021 | 156.58 |
| 5 | 22.03.2022 | 100.79 |

(ग) एनएसडीएफ से वित्तीय सहायता/अनुदान प्राप्त करने के इच्छुक खिलाड़ी/संगठन आदि को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, परियोजना को पूरा करने की समय-सारणी और वित्तीय निहितार्थ आदि के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना आवश्यक है।

एनएसडीएफ की कार्यकारी समिति संबंधित अधिकारियों/संगठनों/एजेंसियों से टिप्पणियां प्राप्त करने के बाद सभी प्रस्तावों पर विचार करती है और उचित निर्णय लेती है। इसके लिए अनुमोदन या अस्वीकृति देने की कोई विशेष समय सीमा नहीं है।

(घ) एनएसडीएफ से वित्तीय सहायता के लिए अनुमोदित परियोजनाओं का, प्रदत्त की गई राशि सहित विवरण अनुबंध में दिया गया है ।

(ङ) एनएसडीएफ के विचाराधीन परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | परियोजना | राशि (लाख रु.) | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1. | गुरु घासी दास विश्वविद्यालय, बिलासपुर | 5000.00 | छत्तीसगढ |
| 2. | आनंद निकेतन कॉलेज, वरोरा | 500.00 | महाराष्ट्र |
| 3. | नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (एनडीवीएसयू), जबलपुर | 350.00 | मध्य प्रदेश |
| 4. | दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय | 800.00 | उत्तर प्रदेश |

(च) पिछले 5 वर्षों के दौरान एनएसडीएफ के तहत अस्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | परियोजना | राशि (लाख रु.) | राज्य |
|---|---|---|---|
| | **2016-17** | | |
| 1. | पुलेलागोपीचंद बैडमिंटन फाउंडेशन हैदराबाद | 67.47 | तेलंगाना |
| | **2017-18** | | |
| 1 | अश्विनी स्पोर्ट्स फाउंडेशन | 50.00 | कर्नाटक |
| | **2021-22** | | |
| 1. | अरुणाचल खेल प्राधिकरण | 200.00 | अरुणाचल प्रदेश |
| 2. | बसवनगुडी जलीय केंद्र, बैंगलोर | 490.00 | कर्नाटक |
| 3. | शिवमोग्गा में खेल केंद्र | 3690.00 | कर्नाटक |
| 4 | डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम, बिष्णुपुर | 00.00 | मणिपुर |

*****

**अनुबंध**

**राष्ट्रीय खेल विकास कोष के संबंध में श्री प्रताप सिम्हा और अन्य, माननीय संसद सदस्यों द्वारा दिनांक 29.03.2022 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4169 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।**

प्रदान की गई राशि के साथ एनएसडीएफ से वित्तीय सहायता के लिए अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण

| क्र.सं. | परियोजना | राशि (लाख रु.) | राज्य |
|---|---|---|---|
| | **2016-17** | | |
| 1. | यूपी बैडमिंटन अकादमी | 500.00 | उत्तर प्रदेश |
| 2. | बैडमिंटन अकादमी भुवनेश्वर | 85.30 | उड़ीसा |
| 3. | अभिरुचि शारीरिक शिक्षा संस्थान | 167.76 | असम |
| 5. | सरिता क्षेत्रीय मुक्केबाजी अकादमी, इंफाल | 27.34 | मणिपुर |
| 6. | गांधीनगर में पैरा एथलीटों के प्रशिक्षण के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र | 112.00 | गुजरात |
| 7. | पटियाला और बैंगलोर में हाइपोक्सिक चैंबर के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण | 200.00<br>200.00 | पंजाब<br>कर्नाटक |
| | **2017-18** | | |
| 1. | हॉकी अकादमी, नेशनल स्टेडियम, नई दिल्ली (साई के माध्यम से) | 1750.00 | दिल्ली |
| 2. | जिम्नास्टिक अकादमी, नई दिल्ली। (साई के माध्यम से) | 200.00 | दिल्ली |
| 3. | साई में अतिरिक्त 90 केडब्ल्यूपी ईटीएस संयंत्र की स्थापना के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण | 99.78 | दिल्ली |
| 4. | तुगलकाबाद में 485 केडब्ल्यूपी सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना | 370.00 | दिल्ली |
| 5. | साई- राष्ट्रीय खेल संग्रहालय, नई दिल्ली | 500.00 | दिल्ली |
| 6. | राष्ट्रीय एथलेटिक्स अकादमी, भुवनेश्वर | 400.00 | उड़ीसा |
| 7. | साई-फुटबॉल अकादमी (असम) | 300.00 | असम |
| 8. | अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट फॉर स्पोर्ट्स सेंटर, बैंगलोर | 500.00 | कर्नाटक |
| 9. | सिंथेटिक हॉकी टर्फ के प्रतिस्थापन के लिए साई-एनएसईसी, साल्ट लेक कोलकाता | 468.00 | पश्चिम बंगाल |

| क्र.सं. | परियोजना | राशि (लाख रु.) | राज्य |
|---|---|---|---|
| 10. | सिंथेटिक एथलेटिक टर्फ की रिलेइंग के लिए साई-एनएसईसी, साल्ट लेक कोलकाता | 610.00 | पश्चिम बंगाल |
| 11. | टेबल टेनिस अकादमी, साल्ट लेक, कोलकाता (साई के माध्यम से) | 1400.00 | पश्चिम बंगाल |
| 12. | बहुउद्देशीय हॉल के नवीनीकरण के लिए साई-एसटीसी इंफाल | 135.00 | मणिपुर |
| 13. | एसएजी, आइजोल बहुउद्देशीय हॉल का जीर्णोद्धार कार्य | 183.32 | मिजोरम |
| 14 | हरहर महादेव सेवाभावी संस्था , धुले | 150.00 | महाराष्ट्र |
| 15. | साई-एसटीसी-गचीबोवली , हैदराबाद नवीनीकरण के लिए। | 225.00 | तेलंगाना |
| | **2018-19** | | |
| 1. | जयपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यायामशाला हॉल का निर्माण (साई के माध्यम से) | 618.82 | राजस्थान |
| 2. | साई के बहुउद्देशीय इंडोर हॉल के लिए कांदिवली में साई केंद्र | 500.00 | महाराष्ट्र |
| 3. | एलएनआईपीई ग्वालियर में छात्रावास का निर्माण | 2500.00 | मध्य प्रदेश |
| 4. | साई सेंटर भोपाल में छात्रावास का निर्माण | 2500.00 | मध्य प्रदेश |
| 5. | साई सेंटर बैंगलोर में छात्रावास का निर्माण | 2500.00 | कर्नाटक |
| 6. | साई सोनीपत में छात्रावास का निर्माण | 2500.00 | हरियाणा |
| 7. | डॉ. केएसएसआर, तुगलकाबाद में छात्रावास का निर्माण | 2500.00 | दिल्ली |
| 8. | शिलारू में छात्रावास का निर्माण । | 1500.00 | हिमाचल प्रदेश |
| 9. | एलएनआईपीई, गुवाहाटी के छात्रावास एनईआरसी का निर्माण | 2500.00 | असम |
| | **2019-20** | | |
| 1. | गगन नारंग स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन | 500.00 | महाराष्ट्र |
| 2. | अंजू बॉबी स्पोर्ट्स फाउंडेशन | 500.00 | कर्नाटक |
| 3. | गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर | 100.00 | पंजाब |
| | **2020-21** | | |
| 1. | अरुणाचल प्रदेश सरकार | 593.00 | अरुणाचल प्रदेश |
| 2. | सिविल सेवा अधिकारी संस्थान, नई दिल्ली | 301.22 | दिल्ली |
| | **2021-22** | | |

| क्र.सं. | परियोजना | राशि (लाख रु.) | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1. | 15 स्थानों पर 2 कोर्ट बैडमिंटन हॉल के निर्माण के लिए अरुणाचल प्रदेश सरकार। (रु. 1.50 करोड़ x 15) | 2250.00 | अरुणाचल प्रदेश |
| 2. | एनसीएसएसआर के लिए विस्तृत ब्लू प्रिंट तैयार करने के लिए एक सलाहकार को नियुक्त करने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण। | 249.00 | दिल्ली |
| 3. | केंद्रीय सिविल सेवा खेल नियंत्रण बोर्ड, नई दिल्ली | 155.30 | दिल्ली |

****